प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक 30.06.2024 समय 18.30

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार किये साझा–लोकसभा चुनाव में संविधान और लोकतांत्रिक प्रणालियों में अपना विश्वास दोहराने के लिए देशवासियों का जताया आभार।

- प्रदेश में मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का शुभारम्भ–65 लाख से अधिक किसानों के खातों में पहुंची सम्मान निधि।

- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने पल्स पोलियो दिवस सहित तीन स्वास्थ्य अभियानों का किया आगाज़–कहा, प्रदेशवासियों के सेहतमंद होने से स्वस्थ राजस्थान का संकल्प होगा साकार।

- राज्य में विभिन्न स्थानों पर मॉनसूनी बारिश का दौर जारी–पूर्वी राजस्थान में कहीं–कहीं भारी से अति भारी बारिश के आसार।

00000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव में संविधान और देश की लोकतांत्रिक प्रणालियों में अपना विश्वास दोहराने के लिए देशवासियों का आभार व्यक्त किया है। आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने देशवासियों से कहा कि 2024 का आम चुनाव दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव था।

.......

प्रधानमंत्री ने 30 जून के दिन का महत्व बताते हुए कहा कि आज का दिन हमारे आदिवासी भाई–बहन ''**हूल दिवस**'' के रूप में मनाते है। यह दिन वीर सिद्धो–कान्हू के अदम्य साहस से जुड़ा है और झारखंड के इन सपूतों का सर्वोच्च बलिदान आज भी लोगों को प्रेरित करता है। प्रधानमंत्री ने विश्व पर्यावरण दिवस पर इस वर्ष शुरू किए गए विशेष अभियान– 'एक पेड़ माँ के नाम' का उल्लेख किया।

.....

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले दशक के दौरान भारत में वन क्षेत्र का अभूतपूर्व विस्तार हुआ और अमृत महोत्सव के दौरान देशभर में 60 हजार से ज्यादा अमृत सरोवर भी बनाए गए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कुवैत सरकार ने अपने राष्ट्रीय रेडियो पर हिंदी में एक विशेष कार्यक्रम शुरू किया है। इस पहल के लिए उन्होंने कुवैत सरकार और वहां के लोगों को धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि अगले महीने इस समय तक पेरिस ओलंपिक शुरू हो चुके होंगे। उन्होंने ओलंपिक खेलों के लिए भारतीय दल को शुभकामनाएं दी। प्रधानमंत्री ने आकाशवाणी परिवार को भी बधाई दी क्योंकि आकाशवाणी के संस्कृत बुलेटिन ने आज अपने प्रसारण के 50 वर्ष पूरे कर लिये है।

.......

प्रधानमंत्री ने कहा कि संस्कृत की प्राचीन भारतीय ज्ञान और विज्ञान की प्रगति में बड़ी भूमिका रही है। श्री मोदी ने कहा कि एक सप्ताह के बाद पवित्र रथयात्रा शुरू होने जा रही है। उन्होंने कामना की कि महाप्रभु जगन्नाथ की कृपा सभी देशवासियों पर बनी रहे। उन्होंने अमरनाथ यात्रा और पंढरपुर वारी का भी उल्लेख किया तथा इन यात्राओं में शामिल होने वाले सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी। सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरूगन ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आम चुनाव के बाद मन की बात कार्यक्रम में लोगों से मॉ के सम्मान में पेड़ लगाकर पर्यावरण की रक्षा करने की अपील की है जोकि एक बड़ा कदम है और युवा पीढ़ी को इससे प्रेरणा मिलेगी। प्रदेश में भी मन की बात कार्यक्रम को लेकर आमजन और भाजपा कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह नजर आया। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आज मुख्यमंत्री निवास पर आमजन के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुना। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत अधिक से अधिक संख्या में पेड़ लगाये। पाली में मन की बात कार्यक्रम की 111वीं कड़ी को सुनने के लिए भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ता जुटे। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। वहीं सवाईमाधोपुर और कोटा में भी मन की बात कार्यक्रम को सुना गया। बीकानेर के 178 शक्ति केन्द्रों पर मन की बात कार्यक्रम सुना गया।

000000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आज किसानों के लिये **मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना** का शुभारम्भ किया। टोंक में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री ने योजना की पहली किशत के रूप में 6 सौ 50 करोड़ रूपये की राशि 65 लाख किसानों के खातों में हस्तान्तरित की। इस अवसर पर श्री शर्मा ने कहा कि किसानों के कल्याण के लिए सरकार हर संभव कदम उठायेगी।

......

कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर, कृषि मंत्री किरोडी लाल मीणा, जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी और सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक भी मौजूद रहे। राज्य के विभिन्न जिला मुख्यालयों पर भी किसान सम्मान निधि योजना के

तहत कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न जिलों के किसानों से वर्चुअली संवाद किया। दौसा में जिलास्तरीय कार्यक्रम में उद्योग मंत्री राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़ मौजूद रहे। वहीं डूंगरपुर में विजयाराजे सिंधिया ऑडिटोरियम में जिलास्तरीय कार्यक्रम में मौजूद किसान, अधिकारी और जनप्रतिनिधि वर्चुअल रूप से राज्यस्तरीय कार्यक्रम से जुड़े। मुख्यमंत्री ने डूंगरपुर के एक किसान से वर्चुअली बातचीत भी की। गौरतलब है कि योजना के तहत किसानों की कृषि संबंधी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुये उन्हें हर साल 2000 रुपये की अतिरिक्त राशि देने का राज्य सरकार ने फैसला लिया है।

00000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आज जयपुर में चिकित्सा विभाग के तीन अभियानों का शुभारम्भ किया। उन्होंने पोलियो दिवस के अवसर पर 5 वर्ष तक के बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाकर प्रदेश में 'राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान' की शुरूआत की। उन्होंने 'स्टॉप डायरिया अभियान–2024' और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत 'आभा आईडी बनाओ' अभियान का भी शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री तथा चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने तीनों अभियानों के पोस्टर्स का विमोचन कर लाभार्थियों को आभा आईडी कार्ड प्रदान किए तथा बच्चों को ओआरएस के पैकेट और जिंक की गोलियां बांटी। श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेशवासियों को उच्च गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाना राज्य सरकार की प्रतिबद्धता है।

00000

राष्ट्रीय पल्स पोलियों अभियान के तहत प्रदेश में आज 5 साल तक के बच्चों को पोलियों रोधी दवा पिलायी गई। अभियान के तहत राज्यभर में एक करोड़ से अधिक बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए साढे 61 हजार बूथ बनाए गए हैं। इस काम के लिए 77 हजार 500 से अधिक टीमें लगायी गयी हैं। ज़िला मुख्यालयों पर पोलियों रोधी दवा देने के लिए विशेष इन्तजाम किये गये है। पाली जिले में पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान का आगाज कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने सुमेरपुर के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बनाए गए पोलियो बूथ से किया। बूंदी जिले में पल्स पोलियो अभियान के तहत आज 749 बूथों पर पात्र बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। केकडी जिले में अभियान की शुरूआत विधायक शत्रुघ्न गौतम ने की। झुंझुनूं जिले में 1 हजार 372 बूथों पर बच्चों को पोलियोरोधी दवा पिलाई गई। बांसवाडा जिले में अभियान की शुरूआत आयुष्मान आरोग्य मंदिर खाटू कॉलोनी में जिला कलेक्टर ने पात्र बच्चों को दवा पिलाकर की। डूंगरपुर में भी अभियान के तहत बच्चों को पोलियोरोधी दवा पिलाई गई। अभियान के तहत आज बूथ पर पोलियो की खुराक पीने से वंचित रहें बच्चों को अगले दो दिन घर–घर जाकर दवा पिलाई जाएगी।

00000

उज्बेकिस्तान में कल से ओलम्पिक खेल की लैक्रोस एशियाई सीनियर महिला प्रतियोगिता में मेवाड़ बागड क्षेत्र की 7 बेटियों का भारतीय टीम में चयन हुआ है। इनमें उदयपुर जिले की 6 और बांसवाडा की 1 महिला खिलाड़ी शामिल है।

000000

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर मॉनसूनी बारिश का दौर जारी है। उदयपुर में आज दिनभर रूक–रूक कर बरसात का दौर जारी रहा। वहीं राजधानी जयपुर के कई क्षेत्रों में जोरदार बारिश हुई, जिससे सड़को और निचले इलाकों में पानी भर गया। चूरू और भीलवाडा में भी हल्की बारिश हुई। बीते 24 घंटों में राज्य के पूर्वी हिस्सों में कहीं–कहीं भारी से अतिभारी बारिश दर्ज की गई। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार प्रदेश में सबसे ज्यादा 124 मिलीमीटर बरसात धौलपुर जिले के बाड़ी में रिकॉर्ड की गई। डीग जिले में हुई अच्छी बारिश से कामां में 28 साल बाद सबलाना बांध से पानी पहुंचा है। इससे किसानों में खुशी का माहौल है। मौसम केन्द्र के अनुसार आज जयपुर, भरतपुर, कोटा, अजमेर और उदयपुर संभाग के कुछ भागों में मेघ गर्जन के साथ बारिश होने की संभावना है। वहीं पूर्वी राजस्थान के कुछ स्थानों पर कहीं कहीं भारी से अति भारी बारिश होने के आसार है।

00000